Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार सच का साथी दिनांक 08-04-2022 अंक 191

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## संपादीकय

## रेसोनेंट फ्रीक्वेंसी,और चिकित्सा के क्षेत्र में इसका योगदान



डॉ अनिल कुमार

स्वर,स्पंदन और फ्रीक्वेंसी के बेहतर इस्तेमाल से असाध्य रोगों का इलाज संभव है। निकोला टेस्ला ने कैंसर और ट्यूमर सेल्स की रे. सोनेंट फ्रीक्वेंसी को यंत्र के द्वारा गणना कर टारगेट किया और 4 हफ़्तों में शरीर से ट्यूमर कोशिकाएं नष्ट हो गईं। मेडिसिन के क्षेत्र में यह एक क्रांतिकारी खोज थी। इस विषय पर और भी शोध होता लेकिन निकोला टेस्ला का ४४ वर्ष में निधन हो गया।लेकिन आज भी तिब्बत में और विश्व के कुछ देशों में रेसोनेंट फ्रीक्वेंसी के द्वारा ट्यूमर, पत्थरी सहित बहुत सारे जीवाणु जनित रोगों का इलाज रेसोनेंट फ्रीक्वेंसी के द्वारा किया जाता है।लिथोट्रिप्सी आधुनिक विज्ञान की एक ऐसी ही मशीन है जो किडनी स्टोन को रेसोनेंट फ्री. क्वेंसी के द्वारा चूर कर के निकाल देती है।अगर रेसोनेंट फ्रीक्वेंसी का उपयोग सूक्ष्म यंत्रों से किया जाए तो बड़ी–बड़ी इमारतों, पुल तक को चूर चूर किया जा सकता है।रेसोनेंट फ्रीक्वेंसी का इस्तेमाल युद्ध में भी प्रयोग किया जाता है।परमाणु बम की विध्वंसक शक्ति स्पंदन(अपइमतंजपवद) और रेसोनेंट फ्रीक्वेंसी के द्वारा ही बड़ी बड़ी इमारतों को नष्ट करती है।

## बरहीडीह में आयोजित महायज्ञ में व्यवसायिक सांघ के अध्यक्ष ने किया भक्ति जागरण की व्यवस्था

### पूजा कमेटी एवं पुरोहितों को किया गया सम्मान, रात भर झूमे लोग

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरहीडीह देवी मंडप के प्रांगण में नौ दिवसीय शतचंडी महायज्ञ सह हनुमत प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरा बरही में भक्ति की संचार हो रही है। इसी बीच गुरुवार देर रात यज्ञ समिति और ग्रामीणों की मांग पर व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष कपिल प्रसाद केशरी के द्वारा भक्ति जागरण की व्यवस्था कराई गई। भक्ति जागरण के लिए भक्ति विश्वकर्मा म्यूज़िकल ग्रुप को बुलाया गया था। इस दौरान कपिल केशरी ने यज्ञाचार्य एवं अन्य आचार्य की उपस्थिति में पूजा अर्चना कर सभी आचार्यो को अंग वस्त्र एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया। जिन्हें स्वागत किया गया, उनमे रामचन्द्र पांडेय, उपेंद्र पांडेय, महेंद्र पांडेय, कृष्णा पांडेय, अजय पांडेय, परमानंद पांडेय , ग्राम यज्ञ कमेटी के अध्यक्ष नागेश्वर केशरी, सचिव देवधारी प्रजापति, कोषाध्यक्ष राजू कुमार राणा, कृपाल राणा, उषा रानी, मुखिया मनोरमा देवी, मोती सिंह, लखन सिंह, अनिल सिंह शामिल है। गायक एवं गायिका भक्ति जागरण की प्रस्तुति से उपस्थित श्रद्धालू भाव विभोर हो गए। ग्रामीणों ने देर रात्रि तक संगीत का आनंद लिए और महिला पुरुष खुब झुमे। कार्यक्रम का आयोजन मे समिति ने संयुक्त रूप से उद्धाटन किया। उद्घाटन के अवसर पर मुख्य रूप से अध्यक्ष नागेश्वर केशरी, सचिव देवधारी प्रजापति, कोषाध्यक्ष राजु राणा , अपेम मुख्य संरक्षक कपिल प्रसाद केशरी ,उपाध्यक्ष कैलाशपति सिंह , मुखिया प्रतिनिधि रमेश ठाकुर ,कृपाल राणा , राजकुमार केशरी, लखन सिंह, मुकेश सिंह ,छोटु सिंह, केदार ठाकुर ,महेन्द्र सिंह ,दिनु प्रजापति ,पिंटु ठाकुर, लोकेश ठाकुर, सहित हजारों की संख्या में महिला पुरुष उपस्थित हुए।



भक्ति जागरण कार्यकम का उद्घाटन करते कपिल केशरी एवं पुरोहित

## रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष रमेश ठाकुर ने बिजली, पानी एवं चिकित्सा को दुरुस्त कराने को लेकर अनुमंडल प्रशासन से किया आग्रह



रमेश ठाकुर

बरही रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष रमेश ठाकुर ने अनुमंडल प्रशासन से आग्रह किया की आगामी पर्व रामनवमी पूजा को देखते हुए चारो रोड में अलग से बिजली की व्यवस्था किया जाए, जगह जगह पर पानी एवं स्वास्थ्य से संबंधित एक बरही चौक के आस पास एक शिविर का आयोजन किया जाए। साथ ही उन्होंने अनुमंडल प्रशासन से आग्रह किया की चारो रोड में प्रशासन की तरफ से लाइट की व्यवस्था करवाई जानी चाहिए। क्योंकि शोभायात्रा में लाइट की स्थिति सही नही होती है। घंटो तक लाइन बाधित रहता है, जिससे रामभक्तो एवं शोभायात्रा बिना किसी बाधा के चलते रहे। साथ ही साथ उन्होंने अनुमंडल प्रशासन को आश्वासन दिया की बरही रामनवमी महासमिति के सदस्य हम सभी बरही प्रशासन के साथ है।

## रमजान के पहला जुम्मा में किया गया इफ्तार पार्टी का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

रमज़ान पाक के महीना के पहला जुमा के अवसर पर अलगडीहा में अंजुमन कमेटी ने पूरे गांव के लोगो को इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। पहला इफ्तार पार्टी के आयोजन पर ईमाम मौलाना हसनैन रजा ने दुआ किया। वही बरही पूर्वी जीप प्रतिनिधि मो कैयूम मुखिया ने इफ्तार के बारे बताए की इफ्तार रमजान के धार्मिक अनुष्ठानों में से एक है और अक्सर एक समुदाय के रूप में किया जाता है। उपवास तोड़ने के लिए सभी लोगो को एक जगह इकट्ठा किया जाता है, इफ्तार को मगरिब समय के बाद लिया जाता है, जो सूर्यास्त के आस पास है। साथ ही उन्होंने कहा की मु. सलमान भाई मानते है की इफ्तार में किसी को खाना खिला देना बहुत ही नेकी माना जाता है। मौके पर प्रत्यासी पप्पू खान उर्फ सफीक खान, हाजी सजि. दुल्लह साहब, सदर अब्दुल कैयूम, रहमत मिया, इबरार अंसारी, महताब आलम, अब्बास अंसारी, हैदर अली, कलीम मियां, वाली मोहम्मद, अफजल अंसारी, समसुद्दीन खान, जहुर खान, तौफीक रजा, हस्मत रजा, एवं हसनैन रजा मौजूद थे।



## सड़क दुर्घटना में एक घायल



बरही थाना अंतर्गत गौरियाकरमा निवासी पुरुषोत्तम केशरी उम्र 28 वर्ष पिता राजेंद्र प्रसाद केशरी सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल युवक अपना कुछ काम से देवचंदा जा रहा था। इसी क्रम में वह अज्ञात वाहन के चपेट में आने से घायल हो गया। आस पास के लोगो ने उन्हे बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया।

APEM LIVE

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित एडिटरः सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## गौरियाकरमा में रौशन कंप्यूटर इंस्टीट्यूट का हुआ उद्घाटन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंर्तगत गौरियाकरमा में रौशन कंप्यूटर का उद्घाटन हुआ। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि समाजसेवी रमेश ठाकुर, अब्दुल मन्नान वारसी, कोबरा के सब इंस्पेक्टर पंकज यादव एवं दुलार यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। वहीं समाजसेवी रमेश ठाकुर ने बताया कि गौरियाकरमा में इस कंप्यूटर सेंटर के खुलने से अनेक फायदे होंगे जैसे कंप्यूटर की पढ़ाई करने के लिए अब छात्रों को कही और नही जाना होगा। साथ ही उन्होंने को वर्तमान समय में जितनी भी नौकरियां है उन सभी नोकरियों को पाने के लिए कंप्यूटर की जानकारी होनी बहुत ही जरूरी है। वहीं समाजसेवी अब्दुल मन्नान वारसी ने बताया की रौशन कंप्यूटर इंस्टीट्यूट का यह दूसरा ब्रांच है जिसका उद्घाटन गौरियाकरमा में किया गया। साथ ही उन्होंने कहा की कंप्यूटर कोर्स करने का फायदा यह है की आप कंप्यूटर से जुड़े जो भी कोर्स कर रहे है उसमे कंप्यूटर का आपको अच्छा ज्ञान हो जाता है। और कंप्यूटर से जुड़े ज्ञान में वृद्धि होती है।

## चौती छठ पूजा के अवसर पर भक्ति जागरण का आयोजन



जागरण की प्रस्तुति देते कलाकार

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही डीह में सुरेश शर्मा के सौजन्य से चौथी छठ पूजा के अवसर पर भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। भक्ति जागरण का उद्घाटन सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राजसिंह चौहान, कृष्णा प्रजापति,मोती सिंह, पिंटू ठाकुर एवं जीतु ठाकुर ने संयुक्त रूप से माता भगवती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशांत पांडेय एंड ग्रुप के द्वारा एक से बढ़कर एक भजन की प्रस्तुति दी गई। जागरण में उपस्थित भक्तों ने झूमने पर मजबूर हो गया। राजसिंह चौहम ने कहा कि भक्ति जागरण से सकारात्मक ऊर्जा की उतपति होती है। कलाकार राहुल प्रजापति, अनिल कुमार ने भी वाद्य यंत्र में अपनी कलाकारी दिखाई। मौके पर संजय शर्मा, सुरेश शर्मा, सतीश शर्मा सहित कई लोग मौजूद रहे।

## रामनवमी में डी जे पर रहेगा पूर्ण प्रतिबंध

## थाना प्रभारी ने किया साउंड मालिको के साथ बैठक

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**



कान्हाचट्टी : राजपुर थाना में डी जे साउंड मालिको के साथ शुक्रवार को थाना प्रभारी विकास पासवान ने बैठक कर दिए शख्त निर्देश।. रामनवमी के जुलूस में डी जे साउंड यदि जुलूस में बजा तो साउंड मालिको पर ही होगी कार्रवाई।श्री पासवान ने कहा को सरकार के गाइड लाइन के अनुशार ही जुलुस में केवल पारम्परिक वाद्य यंत्र ही बजेगा।यदि डी जे जहां बजा तो साउंड मालिक पर ही मुकदमा दर्ज किया जाएगा।सभी साउंड मालिको से जुलूस के साउंड नहीं बजाने से सम्बंधित ब०न्ड भी भरवाया।बैठक में सुधीर साउंड राजपुर,अरुण साउंड कान्हाचट्टी,मुकेश साउंड बा. राबागी के साथ साथ प्रखण्ड के लगभग तीन दर्जन साउंड मालिक सामिल थे।

## आजसू पार्टी जन मुद्दों को लेकर हमेशा लड़ाई लड़ती रही है ऐतिहासिक होगा जेल भरो आंदोलन :संदीप कुशवाहा



**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

आजसू पार्टी प्रखंड कमेटी कि उसे बैठक गुरु चट्टी स्थित आजसू आवासीय कार्यालय रखी गई स बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा एवं संचालन प्रखंड प्रवक्ता तपेश्वर कुमार तापस ने किया स केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा ने कहा कि जन मुद्दों को लेकर आजसू पार्टी हमेशा लड़ाई लड़ती रही है ।14 अप्रैल को संपूर्ण झारखंड प्रदेश में सभी थाना में जेल भरो आंदोलन किया जाएगा ।जिसमें मुख्य रूप से 7 सूत्री मांग शामिल है ।जिसमें मुख्य रूप से खतियान आधारित स्थाई नियोजन नीति लागू करने,जातीय जनगणना एवं पिछड़ों को आबादी अनुसार आरक्षण सु. निश्चित करने , पूर्व में जो जातियां अनुसूचित जनजाति की सूची में थे उन्हें पुनः अनुसूचित जनजाति में शामिल करने, सरना धर्म कोड लागू करने , बेरोजगारों को रोजगार देने की मांग, झारखंड के संसाधनों की लूट बंद करने, झारखंड आंदोलनकारियों को सम्मान देने के अलावा अन्य मुद्दों को लेकर जेल भरो आंदोलन किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा ,जिला उपाध्यक्ष कामेश्वर महतो, जिला सचिव दिनेश महतो ,जिला उपाध्यक्ष भोला महतो , नागेश्वर तुरी ,विनोद राम ,ललन सिन्हा, राजेश्वर महतो, वीरेंद्र यादव ,अर्जुन महतो, ब्रजकिशोर जयसवाल ,नारायण प्रसाद, प्रमोद महतो ,महेंद्र महतो, रंजीत महतो इत्यादि लोग उप. स्थित थे।



# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर



## RAINBOW SCHOOL BARHI

Shivpur (Gadlahi), Barhi, Hazaribag

Contact Number- 8210966457,8863095445

UID NO. 20040117202 (A Better Educated Generation, A Better Future For Our Nation)

ADMISSION OPEN NOW




Built a Bright Future for Your Child. Give Your Child Education of Heart & Soul

### SALIENT FEATURES




- C.B.S.E. Pattern based Education (Upto Xth Class)
- Eco Friendly Environment
- Admission through Entrance Exam
- Highly Experienced & Qualified Teachers and Staff
- Beautifully Aesthetically Designed Campus
- Stress Free & Pollution Free Environment
- Smart Classes, Computer Lab
- Project Based learning Music and Dance room
- Indoor & Outdoor Games and Sports Facilities
- Counselling Programs For Students & Parents
- Preparation & Remedial classes for Extra Support
- Whole Campus under CCTV Surveillance
- Transport Facility available
- School offers scholarship to meritious students
- R.O. Purified water facility
- Well Stocked Library
- Separate Common room (Toilet) Facilities for Boys & Girls
- Sufficient & Airy Classrooms
- Remedial Classes for Co-Curricular Activities
- Well Organised Programs on 26th Jan & 15th Aug.
- Celebration of "Saraswati Puja" with great Enthusiam
- Regular Organised Exams Periodically
- Facilated with Medical Kit, Sports Goods & P.T. Drum






इस प्रकार की शिक्षा प्रणाली का विकास करना हैं, जिसके द्वारा ऐसी युवा पीढ़ी का निर्माण हो सके जो राष्ट्रभक्ति से ओत–प्रोत हो, शारीरिक, प्राणिक, मानसिक, बौद्धिक दृष्टि से पूर्ण विकसित हो तथा जो जीवन की चुनौतियों का सामना सफलतापूर्वक कर सके, उसका जीवन अन्य लोगों को शोषण एवं अन्याय से मुक्त कराकर राष्ट्र जीवन को समरस, सुसंपन्न एवं सुसंस्कृत बनाने के लिए समर्पित हो।

——— डायरेक्टर (सिकंदर प्र0 कुशवाहा) की कलम से





## CHILDREN PROGRESSIVE SCHOOL

PURHARA

Based on C.B.S.E & J.A.C Both Curriculum

CLASS : Nusery to VIIIth.

For Children's bright future.

(बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए)

नामांकन जारी है।

Our facilities :-

- नवोदय, नेतरहाट एवं सैनिक स्कूल की तैयारी।
- योग्य एवं अनुभवी शिक्षकों द्वारा कक्षा का संचालन।
- बच्चों को अंग्रेजी भाषा पर विशेष ध्यान।
- कमजोर बच्चों पर अलग से विशेष ध्यान।
- संगीत, नृत्य एवं खेल कूद की व्यवस्था।
- व्यक्तित्व विकास एवं चरित्र निर्माण पर विशेष ध्यान।
- कम्प्यूटर एवं आतायात की सुविधा।
- गरीब,असहाय एवं कमजोर वर्ग के बच्चों के लिए निः शुल्क शिक्षा की व्यवस्था।

इधर बच्चों की कुछ तस्वीर डलवा दीजयेगा। (स्कूल जाने की अवस्था में)

Note: हमारे यहाँ कक्षा IXth और Xth का अनुभवी शिक्षकों द्वारा विशेष तयारी करवाई जाती है।

Smart Classes की सुविधा।

AT – PURHARA (BAIRISAL) BARHI, HAZARIBAG (JHARKHAND)

Mob. 9973278122, 9199197021



वादा नहीं विकास करेंगे... जन-जन का सम्मान करेंगे...

बरही पश्चिमी से

पंचायत समिति प्रत्याशी पद हेतु

युवा, कर्मठ, जुझारू एवं ईमानदार

उम्मीदवार

## कपिल प्रसाद केशरी

को अपना बहुमूल्य मतदान देकर भारी मतों से विजयी बनाएं...!

सोच हमारी विकास आपका



कपिल प्रसाद केशरी भावी पंचायत समिति प्रत्याशी, बरही पश्चिमी



जोश है, होश है, संकल्पों से यारी है



विकास,समृद्धि और खुशहाली की बारी है

## कुंती देवी

भावी जिला परिषद प्रत्याशी बरही पश्चिमी भाग (4)

तापेश्वर प्रसाद

सामाजिक कार्यकर्ता

दिनांक: 08-04-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर



## बढ़ती गर्मी को लेकर उपायुक्त से विद्यालय का समय सारणी में बदलाव की मांग

### भीषण गर्मी में छात्र हित में स्कूलों के संचालन में बदलाव जरुरी : सुखदेव हाजरा

**अपेम लाइव : गीरिडीह**

**बजरंगी महतो**

गिरिडीह जिला सहित पूरे सूबे में फिलवक्त भीषण गर्मी की थपेड़ों से आम जन जीवन प्रभावित होती दिख रही है जो छात्र छात्राओं के हित में 1बजे तक स्कूलों का संचालन में प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंकाएं जताई जा रही है। सरकार एवं विभागीय अधिकारियों से स्कूलों के संचालन में बदलाव हेतु पुनर्विचार करने की मांग प्रशिक्षित सहायक अध्यापक प्रगतिशील मोर्चा गिरिडीह के जिला अध्यक्ष सुखदेव हाजरा ने की है। उन्होंने गिरिडीह जिला प्रशासन से भी स्कूलों के संचालन में बदलाव की मांग की है। मांग पत्र में जिक्र किया गया है कि कोरोना काल में बच्चों की पढ़ाई में जो कमी हुई है निश्चित तौर पे उस कमी की भरपाई के लिए हम तमाम शिक्षकों की जिम्मेवारी बनती है उसे अतिरिक्त कक्षाएं संच. ालित कर या फिर विभागीय निर्देशों के तहत् विशेष समय निकाल कर भरपाई किया जा सकता है।अतः उपायुक्त महोदय एवं डीईओ मैडम से स्कूलों का संचालन सुबह 6:30 बजे से 11:30 बजे तक करने की मांग की गई है।

## लोक आस्था का महापर्व चैती छठ संपन्न

**अपेम लाइव : गीरिडीह**

**बजरंगी महतो**




आज गिरिडीह और आस पास के क्षेत्रों में चरदीवसीय लोक आस्था का महापर्व चौती छठ का उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर अराधना और पूजन अर्चन कर समापन किश्त गया। आज शुक्रवार को प्रातः गिरिडीह शहर के विभिन्न छठ घाटों और आ. सपास के क्षेत्रों मेंजलाशयों पर उदियमान भास्कर को अर्घ्य देने वाले भक्तो और दर्शनार्थियों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। विश्वास आस्था और तपस्या से परिपूर्ण चारदीवसीय चौती छठ महापर्व को शांतिपूर्ण सौहार्दपूर्ण माहौल में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। भा. जपा के गिरिडीह सोशल मीडिया प्रभारी मनोज मौर्या सपरिवार गिरिडीह के जयप्रकाश नगर स्थित दीनदयाल छठ घाट पर उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि मेरे घर में चौती छठ महापर्व प्रत्येक वर्ष मनाई जाती है। मेरे द्वारा भेजे गए आमंत्रण पर बहुत सारे वरिष्ठ नेता और मीडिया कर्मी मेरे आवास पर पधार कर प्रशाद ग्रहण करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि लगातार दो वर्षो से कोरोना महामारी को लेकर सरकार ने बंदिशे लगा रखी थी जिसके कारण लोग खुलकर पर्व त्यौहार नही मना पा रहे थे। इस वर्ष सरकार ने लगाई गई बंदिशों को वापस ले लिया जिसके कारण हरेक छठ घाटों पर भक्तो और श्रद्धालुओं का जनसैलब उमड़ पड़ा है। लोग अब खुलकर सामने आकर हरेक पर्व त्यौहार मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि चार दिनों तक चलने वाली इस महापर्व चौती छठ को झारखंड, बिहार और बंगाल में मनाई जाती है।

## कुमारी प्रभा वर्मा ने पत्र के माध्यम से किया ओबीसी आरक्षण की माग

**अपेम लाइव : गीरिडीह**

**बजरंगी महतो**



गिरिडीह जिला में संचालित एनजीओ आपकी आवाज के प्रदेश महासचिव कुमारी प्रभा वर्मा ने पत्र के माध्यम से झारखंड सरकार से ओबीसी आरक्षण तय कर त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव कराने की माग की है। उन्होंने पत्र के माध्यम से किया है कि झारखंड में ओबीसी की आबादी करीब साठ प्रतिशत है और उसे मात्र 14:आरक्षण दिया गया है जो संवैधानिक अधिकारों का हनन है। झारखंड राज्य को छोड़कर अन्य सभी राज्यो में मंडल कमीशन के तहत 27:आरक्षण अन्य पिछड़ा वर्ग को दिया गया है। इसलिए मैंने पत्र के माध्यम से सूबे के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मांग रखी हूं कि अन्य पिछड़ा वर्ग को 27:आरक्षण दिया जाय और उसके बाद त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की अधिसुचना जारी किया जाए। उन्होंने पत्र में लिखा है किओबीसी को 27:आरक्षण दिए बगैर पंचायत चुनाव न कराए ओबीसी के दिए गए संवैधानिक अधिकार का उल्लेख करते हुए उन्होंने स्पष्ट रुप से पत्र में लिखा है कि पंचायत चुनाव में बड़ी आबादी को उनके अधिकारों से वंचित रखने का काम किया है झारखंड सरकार ने जो कि ओबीसी के लिए कुठारघात के समान है। उन्होंने पत्र में यह भी लिखा है कि झारखंड सरकार ओबीसी के आरक्षण को समाप्त करने पर तुली हुई है जो कि बिलकुल तर्कसंगत और न्यायोचित नहीं है। अपने गिरिडीह आवास पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि मैं कई बार इसके पूर्व भी ओबीसी आरक्षण को लेकर आवाज उठाती रही हूं प्रिंट मीडिया और सोशल मीडिया के माध्यम से। उन्होंने यह भी कहा कि पंचायत में आधे से अधिक ओबीसी की आबादी होने के बाबजूद उस पंचायत को आरक्षित नही किया गया है। पूरे झारखन्ड राज्य में 60:आबादी ओबीसी के होने के बाबजूद उसे पंचायती राज व्यवस्था से दूर करने की साजिश रची जा रही है। उन्होंने कहा कि मैं ओबीसी के हक और अधिकार की लड़ाई हमेशा लड़ती आई हूं और मांग भी उठाती रही हुं। झारखंड सरकार को राज्य के आधे से अधिक आबादी वाले पिछड़ों को नज़र अंदाज़ करके नही चलने दिया जाएगा। अगर ऐसा हुआ तो पुरे राज्य में आपकी आवाज संस्था के माध्यम से चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। मैं मांग करती हुं झारखंड सरकार, महामहिम राज्यपाल और उच्च न्यायालय से की ओबीसी को उनकी आबादी के अनुसार आरक्षण देकर ही पंचायत चुनाव कराने की अधिसूचना जारी करे। उन्होंने यह भी कहा कि अगर ऐसा नहीं होता है तो पिछड़ों के हक अधिकार और उसके कल्याण के लिए मेरी लड़ाई आगे भी सड़क से लेकर न्यायालय तक जारी रहेगी।

APEM LIVE

## धनवार विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रमोद कुमार का कमाल कई युवाओं ने ली सदस्यता

**अपेम लाइव राजधनवार**

**शाहबाज आलम**



धनवार प्रखंड क्षेत्र के कांग्रेस कार्यालय में एक बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता धनवार विधानसभा अध्यक्ष प्रमोद कुमार राय ने की और इसका संचालन राहुल कुमार सिंह ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में गिरिडीह युवक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मो हसनैन अली , प्रदेश अल्पसंख्यक कांग्रेस के सचिव सह राजधनवार विधानसभा प्रभारी मरगूब आलम उपस्थित हुए। बैठक में मुख्य रूप से रा. जधनवार विधानसभा कमेटी का विस्तार किया गया जिसमें राजधनवार विधानसभा उपाध्यक्ष के पद पर रामकुमार सिंह, विधानसभा सचिव के पद पर विक्रम मंडल, मो एजाज, सैलेश कुमार सिंह, तथा विधानसभा कोषाध्यक्ष ललन कुमार सिंह को चुना गया। वही मौके पर रा. जधनवार विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि हम लोगों की मेहनत बेकार नहीं जा रहा है बल्कि कई युवाओं ने युवा कांग्रेस का सदस्यता ग्रहण की जिसके लिए मैं उन साथियों को बधाई देता हूं संगठन सर्वपरी है। जल्द ही धनबाद विधानसभा में युवा कार्यकर्ता सम्मेलन क्या जाएगा जिसमें संगठन के साथ मंत्री भी मौजूद होगे, संगठन का जो भी निर्देश रहेगा सच्चा सिपाही वन कार्य करूंगा जल्द कांग्रेस भवन जीणोघार के लिए प्रदेश नेतृत्व को अवगत कराया जाएगा। मौके पर जिला अध्यक्ष हसनैन अली ने कहा कि आज राजधनवार विधानसभा के दर्जनों युवाओं ने युवा कांग्रेस का दामन थामा है और मैं स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं कि पूरे जिले में कहीं से भी किसी तरह की जनसमस्या की शिकायत मिलेगी तो मैं समाधान हेतु पहुंचने का काम करूंगा। वही बैठक में उपस्थित युवा कांग्रेस के जिला महासचिव राजेश सिन्हा, शाहनवाज आलम, प्रखंड अध्यक्ष सुदामा राम, प्रकाश मंडल, संजय सिंह, निरंजन तिवारी, रामासिस तिवारी ,संजय सिंह, सफीक अंसारी, मो इरशाद, सहदेव पासवान, भुनेश्वर प्रसाद, कुणाल सिंह, जितेंद्र चौधरी, सोनू सिंह, धर्म देव सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे

## रमजान महीना का पहला जुम्मे की नमाज अदा किया

### रोजेदारों ने खूब किये इबादत, मांगी अमन चौन की दुआएं

**अपेम लाइव : बिरनी**

**सब्बा अहमद**



बिरनी प्रखंड के सभी क्षेत्रों में रमजान के पहले जुम्मा का नमाज मस्जिदों में अदा किया। रमजान का पाक महीना चल रहा है जो शुक्रवार को रमजान का पहला जुम्मा है। इस्लामिक मान्यताओं के अनुसार हर मुसलमान के लिए जुम्मे का नमाज जरूरी है। साथ ही रमजान के दौरान पड़ने वाले जुम्मे की नमाज को तो और भी अधिक अहमियत दी गई है। इन सब के बीच क्या आप जानते हैं कि जुम्मे की नमाज हर मुसलमान के लिए क्यों खास है? साथ ही रमजान के दौरान पड़ने वाले का इस्लाम धर्म में क्या अहमियत है? यदि नहीं तो आगे इसे जानते हैं। दरअसल इस्लाम के अनुसार हर रोज पांच बार नमाज अदा करना जरूरी होत है। परंतु जो लोग रोज नमाज नहीं कर पाते उनके लिए खासकर शुक्रवार का दिन बनाया गया है। वैसे इस बात में कोई दो राय नहीं है कि इस्लाम धर्म को मानने वाले चाहे भोजन भूल जाए लेकिन अल्लाह को याद करना कभी नहीं भूलते। खासतौर से शुक्रवार के दिन। यूं तो हर दिन अल्लाह को याद करने का है। ऐसे में शुक्रवार की नमाज इतना खास क्यों है? सामान्य तौर पर इसे इस्लाम धर्म में जुम्मे का नमाज कहा जाता है। जिसके अनुसार इस दिन सभी मुसलमानों को एकत्र होकर अल्लाह का नाम लेना होता है।

## घर में लगी आग लाखो की संपत्ति जल कर राख

### शनिवार को बलगो पंचायत में भुनेश्वर महतो के घर मे आग लगी थी वही शुक्रवार को आरारी पंचायत के दुखी बैठा के घर मे लगी आग

**अपेम लाइव : बिरनी**

**सब्बा अहमद**



बिरनी प्रखंड अंतर्गत आररी पंचायत में एक घर मे आग लग गया। जानकारी के अनुसार बता दे कि आररी पंचायत के गांव निवासी दुखी बैठा के शुक्रवार सुबह सात बजे अचानक आग लग गई। आग कैसे लगी ये खबर लिखने जाने तक किसी को जानकारी नहीं था।वही आग में घर मे रखा सामग्री जल कर राख हो गया। बता की दो कमरा और घर मे रखा खाने का चावल जलकर राख हो गया।खबर लिखे जाने तक नगदी जलने के अनुमान नहीं लगाया गया है। वही इस आग की घटना आग की तरह पूरे गांव में फैल गया। आग लगने की खबर सुनकर ग्रामीण ने जुट गए और आग बुझाने का प्रयास किया,वही कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।वही स्थानीय मुखिया ने जानकारी देते हुआ कहा की घटना की खबर सुनकर में घटनास्थल पर पहुचकर जायजा लिया। और बिरनी बीडीओ को इस घटना का जानकारी दे दिया।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## उपायुक्त के निर्देशानुसार आज ष्स्कूल रुआर 2022(बैक टू स्कूल कैंपजिन) के संचालन हेतु बैठक का आयोजन

### मुख्य बिंदु जिसपर विशेष चर्चा हुई

**अपेम लाइव : गीरिडीह**
**बजरंगी महतो**






सभी बच्चों का शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराना एवं विद्यालय से बाहर रह गए बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन तथा सभी बच्चों की उपस्थिति ई-विद्यावा. हिनी में दर्ज कराना एवं नियमित अनुश्रवण कराना कोविड-19 के प्रभाव के डर को कम करना एवं दैनिक पठन-पाठन सुनिश्चित कराना गिरिडीह, 08 अप्रैल 2022 आज समाहरणालय सभागार कक्ष में उपायुक्त, श्री नमन प्रियेश लकड़ा के निर्देशानुसार शिक्षा विभाग के तहत स्कूल रुआर 2022(बैक टू स्कूल कैंपे. जिन) के सफल संचालन संचालन हेतु बैठक का आयोजन किया गया। उक्त अभियान का आयोजन 6 अप्रैल से 4 मई तक किया जाएगा। बैठक के दौरान जिला स्तरीय पदा. धिकारी, प्रखण्ड शिक्षा पदा. धिकारी, प्रखण्ड प्रसार पदाधिकारी, बी आर पी/सी आर पी एवं अभियान के लिए प्रतिनियुक्त पर्यवेक्षक से विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान बताया गया कि विगत दो वर्षो से कोरोना महामारी के कारण 05-18 आयुवर्ग के विद्यालय से बाहर रहने वाले बच्चों (आउट अ०फ स्कूल चिल्ड्रेन), प्रवासी परिवार के बच्चे, विशेष आवश्यकता वाले बच्चे (सीडब्ल्यूएसएन)/ कोरोना महामारी के कारण जिन बच्चों के माता-पिता की मृत्यु हो गई है, वैसे बच्चे ष्स्कूल रुआर 2022(बैक टू कैंपेजिन) मुक्त लक्ष्य समूह होंगे। इस दौरान विभिन्न बिंदुओं की गहन समीक्षा करते हुए रणनीति तैयार की गई। इसमें जिला स्तर पर बच्चों के उच्च कक्षाओं में ट्रांसिशन की स्थिति। विद्यालय से बाहर रहने वाले बच्चों(आउट ऑफ स्कूल चिल्ड्रेन), प्रवासी परिवार के बच्चे, विशेष आवश्यकता वाले बच्चे, कोरोना महामारी के कारण जिन बच्चों के माता-पिता की मृत्यु हो गई है वैसे बच्चों का नामांकन। आंगनबाड़ी केंद्र एवं निकटतम विद्यालयों के मध्य विभागीय समन्वय। निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के प्रावधान 12(1) सी के तहत निजी विद्यालयों के प्रारंभिक कक्षाओं में नामांकन आदि के सम्बंध में चर्चा की गई। प्रखंड स्तर पर दिनांक 7 अप्रैल 2022 को प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में जनप्रतिनिधि, प्रखंड स्तरीय सभी विभागों के पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, मुखियाविद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बीआरपी एवं गैर सरकारी संस्थानों के प्रतिनिधियों एवं सभी प्रधानाध्यापकों बैठक आयोजित की जाएगी। साथ ही दिनांक 8 से 11 अप्रैल 2022 तक सभी विद्यालयों में विद्यालय के रंगरोगन, वर्गकक्ष की मरम्मति एव शौचालय एव पेयजल की समुचित व्यवस्था का अनुश्रवण किया जाएगा। इस दौरान सहायक परियोजना कार्यक्रम पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि अभियान के सफल संचालन हेतु प्रत्येक दिन कार्यक्रम की योजना बनाई गयी है। इस दौरान बताया गया कि कार्यक्रम का अनुश्रवण जिला स्तरीय टीम द्वारा किया जाएगा। प्रत्येक पदा. धिकारियों को प्रखण्ड आवंटित किए गए हैं। प्रखंड स्तर पर संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी कार्यक्रम के नोडल पदा. धिकारी होंगे। अभियान में आंगनवाड़ी सेविका एवं सहायिकाओं का भी सहयोग लिया जाएगा एवं आंगनबाड़ी केंद्र में आने वाले बच्चों हेतु साफ-सफाई करना सुनिश्चित की जाएगी। जन भागीदारी सु. निश्चित करने हेतु विद्यालय प्रबंधन समिति के सभी सदस्य, सभी अभिभावक, माता समिति, स्वयं सहायता समूह, छात्र-छात्राओं द्वारा विद्यालयों के पोषक क्षेत्र में प्रभातफेरी का आयोजन किया जाएगा। यह प्रभात फेरी विद्यालय के पोषक क्षेत्र में विशेष कर उन टोलो/मुहल्लों में आयोजित की जाएगी जहां के बच्चे कोरोना काल के उपरांत विद्यालय खुलने के बाद भी विद्यालय नहीं आ रहे हैं। टोलों/ मुहल्लों में प्रभातफेरी का आयोजन कर अभिभावकों से मिलकर बच्चों को विद्यालय भेजने हेतु प्रेरित किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से जिला शिक्षा पदा. धिकारी, अनुमंडल खोरी महुआ/बगोदर सरिया व डुमरी, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, जिला पंचायत राज पदा. धिकारी, विधायक प्रतिनिधि, धनवार एवं डुमरी, सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदा. धिकारी, सहायक परियोजना पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, मुखिया गण, स्टेक होल्डर, बीपीएम, नीति आयोग फेलो व संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

## चतरा जिले के कान्हाचट्टी की मजदूर का गुजरात मे हुई मौत

### गुजरात के अमदाबाद के अलंग में दुकान में मजदूरी का करता था काम

**अपेम लाइवः कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



राजपुर थाना क्षेत्र के कोल्हैया गांव निवासी हिरामन राम के 48 वर्षीय पुत्र अशोक राम गुजरात राज्य के अहमदाबाद के अलंग में काम करने गया था।परिजनों ने बताया कि अशोक पिछले कई वर्षो से काम करने अर्थात मजदूरी करने के लिए गुजरात मे रहता था।गुरुवार की रात्रि खाना खाकर सोया जो सोया ही रह गया।जब सुबह उसके रूम पार्टनर लोग देखे की अशोक सो कर अब तक नहीं उठा है तब लोग उसे उठाने गए जो वह मृत पाया गया।इसकी जानकारी लोगो ने परिजनों को दिया।शुक्रवार को अशोक का शव पोस्टमार्टम की प्रक्रिया भी हो गया,शनिवार को शव गांव पहुंचने की सम्भावना है।इधर अशोक की मौत की खबर गांव में जंगल की आग की तरह फैल गया लोगो की जमावड़ा अशोक के घर पास होने लगा औ'परि. जनों को ढांढस बंधाने के लिए पहुंच कर ढाढस बंधवाया। अशोक की मौत पर लोगो ने ब्यक्त किया है शोक।शोक ब्यक्त करने वालो में बिरजू तिवारी,विनय सिंह,राकेश सिंह,मो.शेरशाह,कमलेश सिंह,रंजीत राम,सहित सैकड़ों लोगों का नाम शामिल है। पिछले कई माह से दुकान में रहकर मजदूरी का करता था कार्य

## उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने राज्य सरकार द्वारा धार्मिक जुलूस को लेकर जारी गाइडलाइन का पूर्णतया अनुपालन का किया अपील, गाइडलाइन का अनुपालन नहीं करने पर संबंधित पूजा समिति के विरुद्ध होगी अनुशासनात्मक कार्रवाई

**अपेम लाइवः कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



चतरा डी०आर०डी०ए० स्थित प्रशिक्षण भवन, में चतरा उपायुक्त अंजली यादव की अध्यक्षता में रामनवमी के अवसर पर जिले में सफल विधि-व्यवस्था संधारण के मद्देनजर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक समेत अन्य वरीय पदाधिकारी एवं पूजा समिति/ अखाड़ों के अध्यक्ष एवं शांति समिति के अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए। बैठक में सभी पूजा समिति/ अखाड़ों के अध्यक्ष को राज्य सरकार द्वारा धार्मिक जुलूस को लेकर जारी गाइडलाइन की जानकारी दी गई। इनमें मुख्य रूप से रात 10 बजे तक धार्मिक जुलूस की अनुमति, जुलूस में 100 लोगों की संख्या, डीजे साउंड एवं प्री रिकार्डेड गानों पर पूर्णतया प्रतिबंध जैसे अन्य सरकारी गाईड की विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी पूजा समिति/ अखाड़ों के अध्यक्ष को राज्य सरकार द्वारा जारी निर्देशों का पूर्णतया अनुपालन का अपील किया। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने पूजा समिति/ अखाड़ों के अध्यक्ष को रामनवमी त्यौहार को शांतिपूर्वक तरीके से मनाने का अपील किया। विशेष कर नव युवकों से उन्होंने कहा कि शौहर्दपूर्ण वातावरण में ढोल नगाड़े के साथ रामनवमी पूजा मनाए, जिससे राज्य भर में एक उदाहरण प्रस्तुत किया जा सके। किसी भी परिस्थिति में सरकारी गाईड लाइन की अवहेलना न करें, जिससे प्रशासन को हस्तक्षेप करने का मौका मिले एवं संबंधित के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करनी पड़े। पुलिस अधीक्षक ने बैठक में उप. स्थित प्रखंड विकास पदा. धिकारी/अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी से एक एक कर रामनवमी त्यौहार के मद्देनजर लाइसेंसी/गैर ला. इसेंसी अखाड़ों की जानकारी लेते सरकारी नियमों का अनुपालन कराने समेत कई अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। जिससे शांतिपूर्ण तरीके से रामनवमी त्यौहार को सम्पन्न कराया जा सके। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। सीसीटीवी/ ड्रोन के मध्यम से निगरानी की जाएगी, वही सोशल मीडिया पर भी प्रशासन पैनी नजर रख रही है। किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। बैठक में आने हेतु उपायुक्त ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए बैठक समाप्ति की घोषणा किया। बैठक में मुख्य रूप से विभिन्न पूजा समिति/ अखाड़ों के अध्यक्ष, राजनी. तिक दलों के जिला अध्यक्ष/जन प्रतिनिधि, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदा. धिकारी चतरा/सिमरिया, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चतरा/सिमरिया एवं टंडवा, सभी कार्यपालक दंडाधिक. ारी, जिला जनसंपर्क पदा. धिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद / नगर पंचायत, चतरा/ बचरा, उत्पाद अधीक्षक, सभी प्रखण्ड विकास पदा. धिकारी/ अंचल अधिकारी व थाना प्रभारी, शांति समिति के गणमान्य नागरिक उप. स्थित थे।

## रामनवमी जुलूस मार्ग का हजारीबाग डीसी एसपी ने संयुक्त रूप से लिया जायजा

**अपेम लाइव : हजारीबाग**
**अमरजीत सिंह**



रामनवमी त्योहार मद्देनजर हजारीबाग जुलूस मार्ग का गुरुवार रात उपायुक्त ने जी सहाय उर्फ पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चौथे के अग. वाई में जिला प्रशासन टीम ने जुलूस मार्ग का निरीक्षण किया निरीक्षण के क्रम में जुलूस मार्गो में पढ़ने वाले बिजली के तार रोड के किनारे पड़ी ईट पत. थरों हटाने का निर्देश दिया साथ ही जगह-जगह पर आवश्यकता अनुरूप बैरिकेडिंग स्लाइडर लगाने का निर्देश दिया इस दौरान इंद्रपुरी चौक पैगोडा चौक झंडा चौक बड़ा अखाड़ा चौक तमाम चौक चौराहे का निरीक्षण किया द्य।



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## पेट्रोल-डीजल-रसोई गैस की मूल्य वृद्धि के खिलाफ माले ने फूंका पीएम मोदी का पुतला

### पेट्रोल-डीजल-रसोई गैस की कीमतें स्थिर रखने की मांगकहा, सरकार ने ला दिए हैं लोगों के सबसे बुरे दिन

**अपेम लाइव : गिरिडीह/ टाउन**
**आदित्य पांडेय**



पेट्रोल-डीजल की कीमतों में हर रोज हो रही बढ़ोतरी के खिलाफ आज भाकपा माले ने स्थानीय झंडा मैदान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला फूंका और बढ़ी हुई कीमतें वापस लेने की मांग की।यहां कार्यक्रम की अगुवाई पार्टी के राज्य कमेटी सदस्य राजेश यादव, गिरिडीह विधानसभा प्रभारी राजेश कुमार सिन्हा, पप्पू खान आदि ने की।पुतला दहन कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में पार्टी नेता श्री यादव ने कहा कि, पांच राज्यों में चुनाव संपन्न होते ही मोदी सरकार असलियत पर आ गई है और आम जनता के ऊपर जानलेवा महंगाई थोपने के लिए तेल एवं गैस कंपनियों को पूरी तरह से बेलगाम कर दिया है। कहा कि, देश की जनता महंगाई से पहले से ही त्रस्त है, ऊपर से मोदी सरकार तेल और रसोई गैस की कीमतें बढ़ाकर अलग से उन्हें जान मारने पर तुली है। हम इसका विरोध करते हैं। सरकार तत्काल पैट्रोल-डीजल एवं रसोई गैस की बढ़ी हुई कीमतें वापस ले। साथ ही, आवश्यक वस्तुओं के तहत इनकी कीमतों को हमेशा कंट्रोल में रखने की गारंटी करे।वहीं, पार्टी नेता राजेश कुमार सिन्हा ने कहा कि, महंगाई से देश के आम लोग तबाह हो चुके हैं। खासकर गरीबों का जीना दूभर हो गया है। महंगाई बढ़ाकर मोदी सरकार ने इस देश के लोगों के लिए अब तक के सबसे बुरे दिन ला दिए हैं। सरकार तत्काल महंगाई रोकने का काम करे। किसी भी कीमत पर पेट्रोल-डीजल-रसोई गैस जैसी जरूरी चीजों का दाम बेलगाम नहीं होना चाहिए। उन्होंने महंगाई के खिलाफ आम जनता को सड़क पर उतरने का भी आह्वान किया।आज के पुतला दहन कार्यक्रम में मुख्य रूप से पप्पू खान, कयूम अंसारी, मनोज यादव, सनातन साव, उज्जवल साव, सरफराज अहमद, साहेब यादव, अशोक कुमार तुरी, मो. मजबुल, पवन कुमार मंडल, मंटू चौधरी, महेश चौधरी, एकलव्य कुमार उजाला, महेंद्र चौधरी आदि मौजूद रहे।

## चेकडैम गहरीकरण कार्य के दौरान ट्रैक्टर पलटा, चालक की दबकर मौत

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



घटघोरइया चेकडैम के गहरीकरण कार्य के दौरान दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर

प्रखंड के खरना पंचायत के घटघोरइया चेकडैम निर्माण कार्य में लगा एक ट्रैक्टर पलट गया। जिसमें दबकर ट्रैक्टर चालक इन्द्राम महतो (45) पिता खीरो महतो गंभीर रूप से घायल हो गए। बाद में चालक की मौत हो गई। मृतक उसी पंचायत के बुढ़वाडीह के रहने वाले थे। घटना गुरूवार की है। बताया जाता है कि घटघोरइया चे. कडैम का गहरीकरण कार्य किया जा रहा है। इसमें मिट्टी ढ़ोने के काम में कई जेसीबी एवं ट्रैक्टर लगे हुए हैं। इसी दौरान मिट्टी के कटाव के बाद हुए करीब 10 फीट गहरे गड्ढ़े में एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर गिर पड़ा। जिसमें ट्रैक्टर चालक इन्द्राम महतो बुरी तरह दब गए। जेसीबी की मदद से दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर को हटाकर चालक को निकाला गया। आनन-फानन में गंभीर रूप से घायल चालक को परिजनों की मदद से इलाज के लिए हजारीबाग सदर अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए रिम्स, रांची रेफर कर दिया। हजारीबाग से रांची जाने के दौरान घायल चालक की मौत बीच रास्ते में हो गई। रिम्स पहुंचने पर चिकित्सकों ने जांचोपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। रिम्स में मृतक का पोस्टमार्टम कर शुक्रवार को शव खरना लाया गया। शव के आने के बाद मुआवजा को लेकर ग्रामीणों द्वारा कोशिश जारी थी। इधर, घटना के बाद पत्नी समेत परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। वे घर के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे। मृतक की चार बेटियां है। जिसमें तीन की शादी हो चुकी है।

## पर्यटन व खेल मंत्री झारखण्ड सरकार को डॉ रामानुज ने लिखा पत्र,स्टेडियम निर्माण में भ्रष्टाचार रोकने के लिए दिया सुझाव

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



समाजसेवी सह ऑल इंडिया प्रोफेशनल कांग्रेस के जिला अध्यक्ष चिकित्सक डॉ रामानुज ने झारखंड सरकार के पर्यटन व खेल मंत्री को पत्र लिखकर विधानसभा में उनके द्वारा किए गए वादे को याद कराया । उन्होंने पत्र में लिखा कि झारखण्ड विधान सभा में आपके द्वारा घोषणा किया गया था कि झारखण्ड सरकार हर विधान सभा क्षेत्र में एक स्टेडियम का निर्माण करेगी ।हर जिले के उपायुक्त को ज़मीन चिह्नित करने को कहा गया है। विधायक को स्टेडियम के लिए अनुशंसा करने का निर्देश प्राप्त है। बरही विधान सभा में पंचायत पंचमाधव में स्टेडियम निर्माण होना है। जिसका निर्माण मेसरी दीपक कंस्ट्रक्शन द्वारा होना है। स्टेडियम निर्माण की राशी 3 करोड़ की है। मंत्री महोदय चौपारण ब्लॉक खेल मैदान में भी एक स्टेडियम का निर्माण हुआ है। परंतु यह निर्माण भ्रष्टाचार का उदाहरण बना हुआ है। बरही विधान सभा में सरकारी पैसों से निर्माण भ्रष्टाचार के दलदल में धंसा हुआ है। महोदय घोषित स्टेडियम भी भ्रष्टाचार के शिकार होने की पूरी संभावना है। मंत्री महोदय आपसे आग्रह है तथा सलाह है कि 3 करोड़ की राशी का उपयोग चौपारण ब्लॉक खेल मैदान को जिला स्तरीय स्टेडियम् निर्माण में उपयोग हो । यहाँ के खिलाडियों के प्रतिभा को तराशने में मदद मिलेगी तथा बरही विधान सभा को जिला स्तरीय स्टेडियम मिल सकेगा।

## दुर्गा वाहिनी मातृशक्तियों ने निकाली आकर्षक शोभायात्रा

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**




बजरंग दल द्वारा निकाली गई शोभायात्रा में शामिल मातृशक्ति

विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल की मातृ शक्ति दुर्गा वाहिनी द्वारा रामनवमी को लेकर शुक्रवार को आकर्षक व भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में सैकड़ों की संख्या में भगवा वस्त्र और पगड़ी धारण किए महिलाएं एवं बालिकाएं शामिल थी। विष्णुगढ़ में पहली बार निकाली गई मातृशक्ति शोभायात्रा आकर्षण का केन्द्र बनी रही। शोभायात्रा की शुरूआत बासंती चौती दुर्गा मंदिर पसिर से शुरू हुई। जो विष्णुगढ़ के सभी मुख्य मार्गो से गुजरते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंचकर समाप्त हुई। ढ़ोल-नगाड़ों के बीच भगवा ध्वज और हाथों में परंपरागत अस्त्र-शस्त्रों से लैस मातृशक्तियों ने लाठी और तलवारबाजी के कई करतब भी दिखाए। जिसे देख लोग दांतों तले अंगुली दबाने पर मजबूर हो गए। तल्ख गरमी के बीच भी शोभायात्रा में शामिल मातृशक्तियों का जोश और जुनून देखते बन रहा था। जगह-जगह शोभायात्रा में शामिल लोगों के लिए श्रद्धालुओं की ओर से शीतल पेय की व्यवस्था की गई थी। संपूर्ण आयोजन बजरंग दल के वरुण कुमार समेत उनकी टीम के लोगों द्वारा किया गया।

## मुंबई भाजपा के प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने गदा देकर पूर्व सीएम फडणवीस का किया सम्मान

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**




भाजपा से जुड़े प्रकोष्ठों ने अपने कार्यो का ब्योरा शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस के समक्ष प्रस्तुत किया। शुक्रवार को पूर्व राज्यमंत्री अमरजीत मिश्र के नेतृत्व में बिहार, झारखंड व उत्तराखंड सेल के नेताओं ने गोवा की जीत के शिल्पकार महाराष्ट्र विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष श्री फड़नवीस का स्वागत किया। उत्तराखंड सेल के अध्यक्ष महेंद्र सिंह गोसाईं ने पहाड़ी टोपी पहना कर उनका सम्मान किया। बिहार प्रकोष्ठ भाजपा के महामंत्री शुभ्रनारायण झा ने जयश्रीराम अंकित दुपट्टा पहनाई और झारखंड प्रकोष्ठ भाजपा के अध्यक्ष मनोज सिंह ने गदा भेंट कर श्री फड़नवीस का अभिनंदन किया ।तीनों प्रकोष्ठों के प्रभारी भाजपा नेता अमरजीत मिश्र ने बताया कि पार्टी को मजबूत करने के लिए मुंबई मनपा चुनाव से पहले पार्टी की सभी इकाईयों को गठित करने की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। श्री फड़णवीस को इन तीन प्रकोष्ठों का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया।

## नवपत्रिका आगमन के साथ खुले माता रानी के दरबार

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**




बासंती दुर्गा पूजा को लेकर माथे पर कलश लेकर नवपत्रिका लाते श्रद्धालु

बासंती दुर्गा पूजा सह रामनवमी को लेकर महा. सप्तमी शुक्रवार को नवपत्रिका आगमन के साथ मंदिर के पट श्रद्धालुओं के पूजन और दर्शन के लिए खोल दिए गए। मंदिर परिसर से माथे पर कलश लेकर गाजे-बाजे के साथ बड़की बांध में श्रद्धालु पहुंचे और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच नवपत्रिका की पूजा अर्चना कर श्रद्धालु मंदिर पहुंचे। मंदिर में विधि-विधान से कलश की स्थापना की गई। तत्पश्चात पूजा, आरती एवं भोग लगाया गया। श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इसके पूर्व षष्ठी तिथि गुरूवार को बेलबोधन तथा रात्रि में अधिवास किया गया। पुरो. हित अजीत मिश्रा ने बताया कि शनिवार को महाअष्टमी को लेकर प्रातःकाल से पूजा शुरू हो जाएगी। रात्रि 10.26 में संधि पूजा आरती की जाएगी। सोमवार को दशमी पूजन के पश्चात प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा। पूजा को लेकर मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी रोशनी से आकर्षक ढ़ंग से सजाया गया है। पूजा प्रसाद समेत खेल-खिलौने समेत कई तरह की दुकानें सजी है। मातारानी के गीतों से आसपास का माहौल गूंजायमान है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा-अर्चना एवं दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। प्रातः एवं संध्या आरती में श्रद्धालुओं की अधिक भीड़ देखी जा रही है। अचलजामो में भी बासंती दुर्गा पूजा को लेकर विशेष तैयारी एवं पूजा पाठ की व्यवस्था की गई है।

## गाजे-बाजे के साथ निकाली गई कलश यात्रा

**अपेम लाइव : गिरिडीह/ टाउन आदित्य पांडेय**



गिरिडीह जिला के धनवार प्रखंड के गोरहन्द में आयोजित नौ दिवसीय श्री शतचंडी रूद्र महायज्ञ को लेकर आज शुक्रवार को गाजे-बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा यमुना धाम मंदिर परिसर से निकलकर गोरहन्द गांव होते हुए पंचखेरो उत्तरवाहिनी नदी जा पहंची। वंहा अयोध्या धाम से चलकर आए ब्राह्मणों के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण किया गया मंत्रोच्चारण के बाद कलश में जल पूरित कर पुनः यज्ञ मंडप में स्थापित किया गया। कलश यात्रा में 501 महिलाएं शामिल रही। कलश यात्रा को भव्य रूप से सजाई गई थी तरह-तरह की झांकियां लोगों को आकर्षित कर रहा था। वैदिक मंत्रोच्चारण व धार्मिक जयकारों से पूरा आसमान गुंजायमान रहा। महायज्ञ के आयोजक सहदेव यादव ने कहा कि महायज्ञ नौ दिनों तक चलेगा। जिसमें कानपुर से दिव्यांशी जी ठाकुर व अयोध्या धाम से आशीष कुमार बापू कथावाचक के रूप में शामिल रहेंगे। इस दौरान नंद लाल यादव द्वारिका यादव मोहन यादव कैलाश यादव भीखी पा. सवान ग्राम प्रधान विदेशी पासवान रामदेव यादव मनोज पासवान सेवानिवृत्त शिक्षक जगदीश यादव मुंशी यादव राजकुमार राम सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे

## बड़कागांव में रामनवमी महासमिति का गठन राजेश गुप्ता अध्यक्ष चुने गए

**अपेम लाइवः बडकागॉव अमित मालाकार**



**नए अध्यक्ष राजेश गुप्ता को पगड़ी पहनाते पूर्व विधायक लोकनाथ महतो**

बड़कागांव प्रखंड में महा रामनवमी पूजा को शांतिपूर्वक संपन्न कराने को लेकर दैनिक बाजार बड़कागांव दुर्गा मंदिर प्रांगण में रामनवमी महासमिति का चुनाव किया गया। जिसकी अध्यक्षता पूर्व विधायक लोकनाथ महतो एवं संचालन सांव. रमल अग्रवाल तथा गौतम वर्मा ने किया। बैठक में 11 अखाड़ा के अध्यक्ष सचिव एवं सदस्य लोग शामिल हुए। लोगों ने महा रामनवमी पूजा को शांतिप. ूर्वक संपन्न कराने को लेकर अपनी अपनी ओर से विचार व्यक्त किया। पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा कि सरकार के द्वारा दी गई गाइडलाइन का पालन करना है। परंतु ढोल नगाड़ा हमारे पास नहीं है डीजे साउंड बजाना मजबूरी है कम साउंड में बजाई जाएगी, शांतिपूर्वक जुलूस निकाली जाएगी। वही शशि कुमार मेहता ने कहा कि 6 वर्ष पूर्व बिना पुलिस प्रशासन का हमारे यहां शांतिपूर्वक जुलूस निकाली गई थी जो एक इतिहास है। मां समिति के अध्यक्ष चुनाव के लिए मतदान किया गया जिसमें राजेश गुप्ता अध्यक्ष चुने गए । राजेश गुप्ता को 8 मत, रंजीत मेहता एवं शिव शंकर मेहता उर्फ सीबू को 7- 7मत प्राप्त हुए। सभी अखाड़ों के अध्यक्ष सचिव ने अपने अपने मताधिकार का प्रयोग किया ।चुने गए नए अध्यक्ष ने कहा कि सभी अखाड़ों के अध्यक्ष सचिव के सहयोग से हर हाल में रामनवमी को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। राजेश ने कमेटी का विस्तार किया जिसमें मनोज सोनी सचिव ,बबलू साहू कोषाध्यक्ष एवं कोलेस्वर साव संरक्षक बनाए गए। मौके उपस्थित लोगों में विधायक लोकनाथ महतो, शशी कुमार मेहता, अध्यक्ष दुर्गा सोनी, सचिव मनोज सोनी, कोषाध्यक्ष अरविंद वर्मा, दामोदर मेहता ,बृजेश वर्मा, कोलेश्वर साव, गौतम वर्मा, राजेश गुप्ता ,रंजीत कुमार ,सांवरमल अग्रवाल, तपेश्वर कुमार तापस, बैजनाथ महतो ,सुबोध जयसवाल घनश्याम जयसवाल ,रविंद्र कुमार रवि, विश्वकर्मा ,शंकर विश्वकर्मा, उदय मेहता, शिव शंकर उर्फ शिबू मेहता ,सुरेश मेहता ,मेवालाल नाग,रमेश अग्रवाल, जय शंकर महतो, सुजीत ओझा, राजकुमार राणा, सुभाष राणा ,संतोष ठाकुर, पप्पू राणा, नरेंद्र राम, राजू कुमार, रोशन जयसवाल ,प्रह्लाद गुप्ता ,पिंटू सोनी, संजय भुइयां, आशीष कुमार, नवीन ठाकुर ,शंभू चौरसिया के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

## बच्चों को मोटिवेट करने चौपारण पहुंची नीलिमा सिन्हा

**अपेम लाइव : चौपारण किशोर राणा**




क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों के बच्चों के शैक्षणिक सुधार में सक्रिय आपदा मित्र पुस्. तकालय के लिए शुक्रवार का दिन विशेष रहा। दरअसल पुस्तकालय परिसर में देश के पूर्व वित्त तथा विदेश मंत्री यशवंत सिन्हा की पत्नी नीलिमा सिन्हा बच्चों को मोटिवेट करने पहुंची । इस दौरान उन्होंने पुस्तकालय को किताबें भी उपहार स्वरूप प्रदान किया। उन्होंने बच्चों को मोटिवेट करते हुए अपने बाल्यकाल का जिक्र करते हुए शिक्षा की महत्ता पर विशेष ध्यान आकृष्ट किया। उन्होंने कहा कि पुस्तक ही सबसे श्रेष्ठ मित्र होता है। पुस्तक से मिलने वाले ज्ञान के आधार पर ही मानव जीवन की सार्थकता सिद्ध होती है । ज्ञान से न केवल भविष्य का निर्माण होता है बल्कि वर्तमान तथा आने वाले पीढीओं तक इसका असर पड़ता है । उन्होंने अपने बचपन के दिनों की याद ताजा करते हुए छात्राओं से विशेषकर पुस्तकालय में आकर अध्ययन करने का आह्वान किया। कहा कि बच्चे किसी भी तरह का पुस्तक पढ़े इससे ज्ञान मिलता है। उनमें सोचने और समझने की शक्ति विकसित होती है। उन्होंने ग्रामीण स्तर पर आपदा मित्रों द्वारा किए जा रहे सामाजिक दायित्वों की भूरी भूरी प्रशंसा भी की । इसके पूर्व आपदा मित्रों द्वारा उन्हें बुके तथा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। समारोह में राजेश सहाय, मुकुंद शाह, मुकेश सिन्हा के साथ आपदा मित्र रोहित जैन, दिलीप राणा ,हेमंत साहू ,सनी अग्रवाल, बृजेश कुमार, डॉ सतीश सिंह ,डॉ अशोक कुमार, मो जमाल, दानिश रजा, विकास कुमार ,रवि कुमार सिंह ,आशीष सिंह , इमरान खान, शक्ति चंद्रवंशी समेत बड़ी संख्या में बच्चे व शिक्षक लोग मौजूद थे । संचालन शशि शेखर ने किया। ।बच्चों में काफी उत्सुकता देखी गई तथा बच्चे उनके साथ बात करते हुए शैक्षणिक जानकारी को प्राप्त किया।

## उप विकास आयुक्त, की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सलाहकार समिति (डीएलसीसी) तृतीय तिमाही की बैठक संपन्न

### सभी विभाग मिशन मोड में कार्य करते हुए लंबित आवेदनों का शीघ्र निराकरण करें,

**अपेम लाइव : गिरिडीह/ टाउन आदित्य पांडेय**






गिरिडीह, 08 अप्रैल 2022 शुक्रवार को समाहरणालय सभागार कक्ष में उप विकास आयुक्त, शशि भूषण मेहरा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सलाहकार समिति (डीएलसीसी) तृतीय तिमाही की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान उप विकास आयुक्त द्वारा जिला अंतर्गतपी0एम0ई0जी0पी0, एसएचजी समूहों को ऋण प्रदान करना, पीएम किसान लाभुकों को केसीसी से आच्छादित करना, पीएमईजीपी की उपलब्धि, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, आरसेटी के कार्य, सिडी रेशियों एवं अन्य विभिन्न कार्यो के अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। तथा जिले का सर्वांगीण विकास हेतु कार्य योजना तैयार करने का दिशा निर्देश दिया गया। इसके साथ ही बैठक में उप विकास आयुक्त द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत प्रगति की समीक्षा की गई तथा किसानों को केसीसी ऋण उपलब्ध कराने का दिशा निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा पीएम किसान के योग्य लाभुकों को प्रथम प्राथमिकता देते हुए केसीसी से अच्छादित करना सु. निश्चित करें। उप विकास आयुक्त ने कहा कि राज्य सरकार व जिला प्रशासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु किसानों को केसीसी से आच्छादित करना सुनिश्चित किया जाय। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त द्वारा वित्तीय वर्ष 2021-22 की वार्षिक ऋण योजना की तृतीय तिमाही की उपलब्धि से सं. बंधित विस्तृत चर्चा की गई। इस क्रम में बताया गया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष 2021-22 की तृतीय तिमाही के अंत तक कुल एसीपी की उपलब्धि 69.70 प्रतिशत है।इसके अलावा जिले के बैंकों का जमा साख अनुपात की समीक्षा करते हुए उप विकास आयुक्त ने कहा कि जमा साख को बढ़ाने की जरूरत है। जमा साख को कम से कम 50: तक बढ़ाने का निर्देश दिया गया। जमा साख अनुपात और बढ़ाने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में ऋण उपलब्ध कराने की जरूरत है। इसके अलावा उप विकास आयुक्त ने वार्षिक ऋण योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि तृतीय तिमाही का वार्षिक ऋण योजना की उपलब्धि अच्छी स्थिति में है। उन्होंने अग्रणी जिला प्रबंधक को निदेशित किया कि बैंकों के लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूर्ण करना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि आपसी समन्वय स्थापित करते हुए ब्रांच वार योजना बनाई जाए ताकि किसानों को विभिन्न योजनाओं का सीधा लाभ मिल सके। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने स्वयं सहायता समूह योजना के तहत क्रेडिट लिंकेज की समीक्षा की गई तथा उप विकास आयुक्त के द्वारा क्रेडिट लिंकेज के लिए जेएसएलपीस के अधिकारी को निदेशित किया गया किया गया कि यह सु. निश्चित करेंगे कि सभी लंबित कार्यो को पूर्ण किया जाए। महिला स्वयं सहायता समूह का क्रेडिट लिंकेज की समीक्षा के दौरान जेएसएलपीएस के अधिकारी को निदेशित किया कि सभी लंबित आवेदनों का जल्द से जल्द लिंकेज कराना सु. निश्चित करें ताकि अधिक से अधिक स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को ऋण मिल सकें। साथ ही स्वयं सहायता समूह अंतर्गत सभी समूहों को पहली प्रा. थमिकता देते हुए उनको ऋण उपलब्ध कराने हेतु सं. बंधित अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश दिया गया ताकि स्वयं सहायता समूह की दीदियों को अन्य रा. ेजगार से जोड़ उन्हें आत्म. निर्भर एवं सशक्त बनाया जा सके जिससे कि वो आत्म. निर्भर हो सके, साथ ही उनके आय स्रोत में भी वृद्धि होगी व अपने परिवार के लोगों के बीच जीवन स्तर में सुधार कर उनकी आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। समीक्षा के क्रम में उप विकास आयुक्त ने संबंधित सभी बैंक अधिकारियों को निदेशित किया कि पी0एम0ई0जी0पी0 के तहत प्राप्त आवेदनों को बिना वजह लंबित ना रखें। संबंधित बैंकों एवं आवेदकों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए जल्द से जल्द समस्या का निष्पादन करें ताकि आवेदकों को समस्या का सामना ना करना पड़े। इसके अलावा इस वित्तीय वर्ष में पी0एम0ई0जी0पी0 से सं. बंधित लक्ष्य का शत-प्रतिशत प्राप्त किया जाय। साथ ही किसान क्रेडिट कार्ड को डेयरी उद्योग, मछली पालन, पशु पालन, मुद्रा लोन आदि के साथ लिंकेज करने का निद. ेश संबंधित अधिकारियों को दिया गया। उन्होंने कहा कि मछली पालन, पशु पालन के अंतर्गत केसीसी से वंचित लाभुकों को शत-प्रतिशत केसीसी का लाभ देना सुनिश्चित करें। समीक्षा के क्रम में आरसेटी के अधिकारी ने बताया कि आर सेटी द्वारा वित्तीय वर्ष 2021-22 के तृतीय तिमाही के अंत तक 20 प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से 570 उम्मीदवारों को प्रशिक्षण दिए जाने के लक्ष्य के विरुद्ध में 20 प्रशिक्षण द्वारा 571 परीक्षार्थियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में भी प्रशिक्षण देने का कार्य जारी है। आर सेटी द्वारा मोबाइल रिपेयरिंग, फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, सिलाई प्रशिक्षण आदि का प्रशिक्षण का कार्य किया जाता है। इस संदर्भ में उप विकास आयुक्त ने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले महिलाओं को बैंक लोन उपलब्ध कराएं। ताकि महिलाएं स्व. रोजगार की ओर अग्रसर हो। आर सेटी की समीक्षा करते हुए उप विकास आयुक्त ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम शार्ट टर्म के तहत उम्मीदवारों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान सभी प्रखंडों को कवर करना सुनिश्चित करें। साथ ही इसमें क्रेडिट लिंकेज को बढ़ाने की जरूरत है। स्टैंड अप इंडिया की प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने अग्रणी जिला प्रबंधक को समय पर डाटा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इसके अलावा प्रधानमंत्री मुद्रा योजना की समीक्षा करते हुए उप विकास आयुक्त ने कहा कि तृतीय तिमाही के अंत तक सभी लाभुकों को लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। एएनयूएलएम के अन्तर्गत उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूह के शेष सभी आवेदनों का शीघ्र निष्पादन करना सुनिश्चित करें। उप विकास आयुक्त ने कहा कि हमारी प्राथमिकता है कि योजनाओं का सीधा लाभ स-समय लाभुकों को मिले ।इसके अतिरिक्त उप विकास आयुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन की प्राथमि. कता है कि योजनाओं का सीधा लाभ स-समय लाभुकों को मिले, इसके लिए जिला प्रशासन प्रयासरत है।उन्होंने पीएम स्वानिधी योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि योग्य लाभुकों की सूची तैयार कर उन्हें लाभान्वित करना सु. निश्चित करें। ज्ञात हो कि रेहड़ी-पटरी, ठेले या सड़क किनारे दुकान चलाने वालों के लिए सरकार ने एक लोन स्कीम शुरू की है। ल०कडाउन के कारण ऐसे दुकानदारों को सबसे ज्यादा दिक्कत का सामना करना पड़ा है। इनकी आजीविका को सही करने हेतु सरकार द्वारा पीएम स्वनीधी योजना के तहत लोन उपलब्ध कराया जाता है। उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मुख्य रूप से आरबीआई के प्रतिनिधि, उप नगर आयुक्त, अग्रणी जिला प्रबंधक, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, डीडीएम, नाबार्ड, प्रबंधक, क्षेत्रीय प्रबंधक, झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक, निदेशक, आर सेटी, महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र, एडीपीओ, सभी शाखा प्रबंधक एवं सं. बंधित विभाग के अधिक. ारीगण व विभिन्न बैंकों के जिला समन्वयक/प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।